राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर– 302018
Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur - 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2552796

क्रमांक: F6(849)RSSB/IT/ECG/2020/185 दिनांकः– 24.06.2021

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा दिनांक 11.06.2021 को जारी किये गये आदेश क्रमांक F6(849)RSSB/IT/ECG/2020/174 दिनांक 11.06.2021 की निरंतरता में **माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की रिट संख्या 3457/2021 में आदेश दिनांक 05.04.2021 की पालना में याचिकाकर्ता अभ्यर्थी श्री गोपाल साहू पुत्र श्री त्रिलोक चन्द साहू को भी दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया में शामिल किया गया है।** उक्तानुसार **श्री गोपाल साहू** को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.06.2021 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे के मध्य **"राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018"** में पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें, इसके बाद आपको कोई भी अंतिम अवसर दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रदान नहीं किया जावेगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि ई.सी.जी. टैक्नीशियन के पद हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच में सर्वप्रथम अभ्यर्थी के राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन की जांच की जायेगी। राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन होने के बाद ही अन्य दस्तावेजों की जांच की जायेगी।

<u>पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–</u>

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पैरा मेडिकल संवर्ग के ईसीजी टैक्नीशियन भर्ती–2020 के लिये दिनांक 30.07.2020 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
3. शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु, श्रेणी(EWS, अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, राजस्थान पैरा मेडिकल काउसिंल में पंजीयन, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. **<u>कोरोना (COVID-19) महामारी के मद्देनजर उक्त दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड अनुसार दस्तावेज सत्यापन दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना (COVID-19) जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होवें।</u>**

सचिव